तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025



02 भारत में बोर्ड परीक्षा प्रश्नपत्रों में एकरूपता...






06 नगर में सुवा नृत्य की धूम, घर घर पहुंच रही है ..






## खबर संक्षेप



### पीएम आवास सुविधा से वंचित हैं गरीब परिवार

**मुंडा।** ग्राम पंचायत पैजनी निवासी लक्ष्मी प्रसाद गांव के सबसे गरीब स्थिति से गुजर रहे हैं, जिससे रहने के लिए घर तो है लेकिन घर के छत ऊपर जंगल सा घास फूस ऊगे हुए हैं। छत के नीचे नमी युक्त दलदल सा है, जिसमें अपने परिवार गुजार रहे हैं। एक छत के नीचे पांच परिवार जीवन यापन कर रहे हैं। कई बार सर्वे हुआ लेकिन अभी तक आवास का सुविधा नहीं मिल पाया है, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ से परिवार वंचित है।

### पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति प्रक्रिया शुरू

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो बच्चों हेतु मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना संचालित हैं। जिसके अंतर्गत कक्षा 1 से 12 तक राशि रूपये 1000 से 10000 प्रति छात्र प्रतिवर्ष कक्षानुसार प्रदाय किया जाता है। उपरोक्त योजना विद्यार्थी द्वारा राज्य की अन्य किसी समानान्तर योजना से लाभान्वित होने पर भी मंडल की मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना से भी लाभान्वित हो सकेगा। उक्त योजनाओं के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे आवेदन विभाग के वेबसाईट के माध्यम से कर सकते है।

### अवैध परिवहन पर होगी सख्त निगरानी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन की खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान एवं मक्का उपार्जन नीति के तहत इस वर्ष किसानों से समर्थन मूल्य पर सुचारू और पारदर्शी रूप से धान खरीदी सुनिश्चित करने की दिशा में प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिले में उड़ीसा एवं अन्य राज्यों से अवैध रूप से धान लाकर छत्तीसगढ़ के उपार्जन केंद्रों में विक्रय को रोकने के लिए कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर 16 जांच चौकियों (चेक पोस्ट) की स्थापना की जा रही है। ये चौकियां जिले की सीमाओं पर आगामी 01 नवंबर 2025 से धान उपार्जन अवधि की समाप्ति तक संचालित रहेंगी। इन चौकियों पर राजस्व, कृषि उपज मंडी समिति, वन विभाग और पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी जांच चौकियों पर वाहनों की गहन जांच की जाएगी ताकि बाहरी राज्यों से आने वाले अवैध धान के परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। इसके साथ ही, सभी तहसीलों में एक-एक निरीक्षण दल भी गठित किया गया है, जो क्षेत्र में अवैध भंडारण और परिवहन गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखेगा।

### चार लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने महुआ शराब की अवैध बिक्री करने वाले ग्राम नयापारा कला के एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम नयापारा कला में एवन ध्रुव नामक व्यक्ति अपने घर के सामने देशी हाथ भट्टी से बनी महुआ शराब बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उक्त व्यक्ति से पूछताछ की जिस पर उसने अपना नाम एवन ध्रुव पिता खेदूराम ध्रुव (24 साल) निवासी नयापारा कला पिथौरा बताया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने चार लीटर हाथ भठ्ठी से निर्मित देशी महुआ शराब व नगदी बिक्री रकम 200 रुपये को बरामद कर धारा 34(1)ए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# कलेक्टर जनदर्शन में गिधपुरी के ग्रामीणों ने अपनी मांगें रखीं

## नई शराब दुकान गिधपुरी में खोले जाने के विरुद्ध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गिधपुरी में नहीं शराब दुकान संचालित होने से पहले पंचायत प्रतिनिधि सहित गांव के ग्रामीण महिला पुरूष बड़ी संख्या में उपस्थित होकर ग्राम गिधपुरी में नई शराब दुकान गिधपुरी खोले जाने के विरुद्ध में बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि शराब दुकान से माहौल खराब होगा, अपराध और घरेलू हिंसा बढ़ेगी, तथा बच्चों और युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने वालों ने प्रस्तावित नई शराब दुकानों को निरस्त करने और क्षेत्र के विकास, शिक्षा व स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने की मांग की है।

वैकल्पिक विकास की मांग ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि नई शराब दुकानें खोलने के बजाय शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास से जुड़ी मूलभूत आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम गिधपुरी में विभिन्न सहकारी संस्थाओं का मुख्यालय है जिसके कारण आसपास के ग्रामीण जन महिलाएं पुरुषों का आना जाना रहते है। स्वास्थ्य केंद्र गिधपुरी हाई सेकेंडरी स्कूल पुलिस थाना गिधपुरी यूको बैंक दीदी जीनियस स्कूल महिला समूह का आए दिन समीक्षा मीटिंग भी वहां पर होती रहती है। शराब दुकान खुलने से लोगों को आने जाने


▶▶ शेष पेज 04 पर




### सामाजिक माहौल बिगड़ेगा

सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणाम ग्रामीणों का मानना है कि नई शराब दुकान खुलने से सामाजिक माहौल बिगड़ेगा, परिवार और समाज कमजोर होंगे, तथा आर्थिक स्थिति और खराब हो जाएगी। बच्चों और युवाओं पर प्रभाव शराब दुकान से बच्चों और युवाओं पर गलत प्रभाव पड़ेगा, जिससे नशे की लत बढ़ेगी और उनकी शिक्षा व भविष्य प्रभावित होगा। अपराध और घरेलू हिंसा में वृद्धि ग्रामीणों ने यह भी तर्क दिया है कि शराब दुकानों के खुलने से अपराधों और घरेलू हिंसा की घटनाओं में वृद्धि होगी।

## दीपावली : मार्केट में चार पहिया वाहन का प्रवेश रहेगा पूर्णत निषेध

# दीपावली पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम मार्केट में 24 घंटे सशस्त्र पुलिस तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस बल द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर बलौदाबाजार संपूर्ण मार्केट एरिया में कानून एवं शांति व्यवस्था तथा समुचित यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, जिसके तहत सराफा मार्केट में प्रवेश करने वाले दोनों प्रमुख मार्गों में 24 घंटे सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की गई है। यह सशस्त्र पुलिस बल रात्रि के समय भी सराफा मार्केट में तैनात रहकर समुचित सुरक्षा प्रबंध व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही मार्केट एरिया में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तथा समुचित यातायात व्यवस्था के लिए बलौदाबाजार मार्केट पहुंच समस्त प्रवेश मार्ग में समुचित संख्या में स्टॉपर लगाते हुए यातायात पुलिस बल लगाया गया है।

दीपावली के अवसर पर खरीदारों की भीड़ को नियंत्रित करने तथा किसी भी स्थिति में ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं होने देने के लिए मार्केट एरिया में चार पहिया वाहनों का प्रवेश निषेध किया गया है। गुरुवार को सायं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अभिषेक सिंह, निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली एवं संपूर्ण दलबल के साथ बलौदाबाजार मार्केट एरिया का जायजा लेने, मार्केट एरिया, सराफा मार्केट एरिया में पैदल पेट्रोलिंग पर निकले। इस दौरान उनके द्वारा सुरक्षा प्रबंध मे लगे पुलिस बल एवं यातायात बल को समुचित व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।



### धनतेरस पर खरीदारी बाजारों में उमड़ी भीड़, बाजार में बढ़ी रौनक

**बलौदाबाजार।** दीपावली पर्व की आहट के साथ ही बलौदाबाजार के बाजारों में रौनक लौट आई है। आगामी, शनिवार को धनतेरस पर्व से आरंभ हो रहे। पांच दिवसीय दीपोत्सव के पहले ही ग्राहकों की भारी भीड़ बाजारों में उमड़ पड़ी है। भारत सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती का सीधा असर इस बार बाजारों पर देखने को मिल रहा है, जिससे ग्राहकों का उत्साह चरम पर है।



**खास बातें**

- सोना-चांदी और वाहन बिक्री में उछाल
- धनतेरस की खरीदारी से सर्राफा और ऑटोमोबाइल बाजार में रौनक

### जीएसटी दरों में कटौती से बाजार में आई तेजी

वहीं ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी अच्छी खासी चहल-पहल देखी जा रही है। यामाहा शोरूम संचालक अभिषेक मिकी तिवारी ने बताया कि जीएसटी दरों में कमी से ग्राहकों को लाभ मिल रहा है, जिसके चलते धनतेरस के अवसर पर वाहनों की बड़ी संख्या में बुकिंग और डिलीवरी की जा रही है। बाजार की रौनक से व्यापारी उत्साहित हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि इस दीपावली पर खरीदारी पिछले साल की अपेक्षा ज्यादा हो सकती है। फटाखों से लेकर कपड़ों, बर्तनों, कार, मोटरसाइकिल और विशेष रूप से सोना-चांदी की खरीदारी के लिए लोग दुकानों पर टूट पड़े हैं। सर्राफा व्यापारी कैलाश सोनी कैलाश ज्वेलर्स और प्रवीण शुक्ला महाराज ज्वेलर्स ने बताया कि सोना-चांदी के भावों में तेजी की संभावना को देखते हुए लोग इसे निवेश के रूप में खरीद रहे हैं। ग्राहकों की भीड़ को देखते हुए कई लोग पहले ही अपने पसंदीदा गहनों की बुकिंग करवा रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस बार सर्राफा बाजार में ऐतिहासिक कारोबार होने की पूरी उम्मीद है।

# मादक पदार्थ अफीम और डोडा के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

थाना प्रभारी रितेश मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर साइबर सेल एवं थाना सिमगा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम दरचुरा में घेराबंदी कर दशमेश ढाबा में मादक पदार्थ अफीम एवं डोडा की बिक्री करने वाले आरोपी ढाबा संचालक मोहम्मद मोबिन सिद्दीकी उम्र 38 वर्ष निवासी सीएच 431 ढांचा भवन मामा गार्डन के पास टाटीबंध रायपुर थाना आमानाका जिला रायपुर वर्तमान निवासी दशमेश ढाबा ग्राम दरचुरा थाना सिमगा को पकड़ा है। पुलिस टीम द्वारा पहले संपूर्ण दशमेश ढाबा का सूक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया। जिसमें आरोपी से एवं ढाबा के अंदर अलग-अलग झिल्ली में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ अफीम एवं डोडा मिला। तलाशी के दौरान मिले अफीम एवं डोडा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 57 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम एवं 1.547 किलोग्राम डोडा होना पाया गया। जप्त अफीम


▶▶ शेष पेज 04 पर


- ढाबा संचालक से जब्त 36,000 रुपये मूल्य का मादक पदार्थ, एनडीपीएस के तहत कार्रवाई

# पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के लाभान्वित बच्चे कलेक्टर से मिलकर हुए उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले में कोविड-19 महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों को प्रधानमंत्री केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत समुचित देखभाल, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को योजना के लाभान्वित बच्चों ने कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात की। बच्चों ने कलेक्टर से मिलकर अपनी पढ़ाई, जीवन और भविष्य को लेकर उत्साह पूर्वक चर्चा की तथा प्रेरणादायक संवाद से काफी उत्साहित हुए। कलेक्टर सोनी ने बच्चों और उनके वर्तमान संरक्षकों से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं समग्र सुरक्षा की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दीपावली के उपलक्ष्य में कलेक्टर श्री सोनी ने बच्चों को नए कपड़े, स्कूल बैग, स्टेशनरी, अध्ययन सामग्री और मिठाइयाँ भेंट की। बच्चों के चेहरों पर नई ऊर्जा और खुशियों की चमक दिखाई दी।उन्होंने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार ने बताया कि बलौदाबाजार जिले में वर्तमान में 5 बच्चे पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन


▶▶ शेष पेज 04 पर


# नहर में मिला शिशु का शव

**मुंडा।** लवन थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक हृदय विदारक घटना सामने आई जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। थाने से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर नहर में लगभग 5 से 6 महीने के शिशु का शव बरामद हुआ। स्थानीय लोगों ने जब नहर में शव को झाड़ी में फंसे हुए देखा तो तुरंत इसकी जानकारी लवन थाना को दी। सूचना मिलते ही लवन पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।लवन शाखा नहर मुंडा में गुरुवार को दुकालू वर्मा के घर के पास फाल से महज कुछ ही दूरी में लगभग 4 से 6 माह के शिशु का शव नहर के अंदर झाड़ी में फंसा हुआ मुंडा के कुछ व्यक्तियों के द्वारा देखा गया।। सूचना लवन थाना को दी। सूचना मिलते ही लवन थाना से प्रधान आरक्षक संतराम बंजारे पहुंची। आशंका जताई जा रही है की किसी ने जानबूझकर इस शिशु को नहर में फेंका है और पानी के बहाव से यह किसी अन्य स्थान से यहां आ पहुंचा है। प्रधान आरक्षक संतराम बंजारे ने बताया कि शिशु का उम्र लगभग 5 से 6 महीने का होगा। पुलिस पीएम के बाद विवेचना में जुट गई है।

# आबकारी विभाग की कार्रवाई में 52 बल्क लीटर शराब जब्त, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आबकारी आयुक्त आर. संगीता के निर्देश पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला आबकारी की टीम द्वारा 18 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला एवं 34 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त किया गया।

14 अक्टूबर को भाटापारा थाना भाटापारा ग्रामीण अंतर्गत ग्राम सिंगारपुर में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी विकास कुमार ध्रुव पिता दिलहरन ध्रुव के कब्जे से 18 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। देशी मदिरा का बाजार मूल्य 10,000 रुपये होना पाया।

इसी तरह 15 अक्टूबर को बलौदाबाजार वृत्त थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम डमरू में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी डहरूराम पिता बोधराम के कब्जे से 24 बल्क लीटर हाथभट्टी महुआ शराब जब्त किया गया। हाथभठ्ठी महुआ शराब का बाजार मूल्य 4,800 रुपये होना पाया। इसी प्रकार पलारी वृत्त थाना पलारी अंतर्गत ग्राम वटगन में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपिया ढेला बाई सोनवानी पति कार्तिक राम सोनवानी के कब्जे से 10.00 बल्क लीटर हाथभठ्ठी महुआ शराब जब्त किया गया। हाथभठ्ठी महुआ शराब का बाजार मूल्य 2,000/- होना पाया। सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार


▶▶ शेष पेज 04 पर


- देशी मदिरा और महुआ शराब की तस्करी पर आबकारी विभाग ने कसा शिकंजा

## खो-खो, कबड्डी से लेकर गिल्ली-डंडा तक के खेलों की धूम

# सांसद खेल महोत्सव केवल खेल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और एकता का उत्सव: साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



नगर पंचायत रोहांसी में बहुप्रतीक्षित सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। पारंपरिक और आधुनिक खेलों से सजे इस महोत्सव में खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, 100 मीटर दौड़, रस्साकस्सी, गेड़ी दौड़, गिल्ली डंडा और लंबी कूद जैसे विविध खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें नगर और आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंदेश्वर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत रोहांसी रहे,अध्यक्षता पिताम्बर साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य पुरुषोत्तम ध्रुव,सीएमओ राजीव रंजन श्रीवास्तव, लोकेश्वर चंद्र कन्नौजे अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, हेमंत साहू, मोहन लाल साहू, ईश्वर बघेल एसएमडीसी सदस्य, ललिता साहू पालक सदस्य दिनेश कुमार साहू, प्रमिला कन्नौजे सभापति, बुधारू राम साहू, अजय कुमार ध्रुव पार्षद उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य दिनेश कुमार साहू संकुल समन्वयक टीकाराम वर्मा तथा संकुल के समस्त शिक्षकगण की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम का मंच संचालन दिलीप कुमार साहू द्वारा किया गया जिनकी सटीक और प्रभावशाली वाणी ने पूरे कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा। मैच रेफरी के रूप में राजेश कन्नौजे, गजेंद्र साहू, संतोष कुमार जोशी, सूर्य प्रकाश श्रेय,


▶▶ शेष पेज 04 पर

**खबर संक्षेप**



## महंगाई भत्ता के लिए पेंशनरों ने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के पेंशनरों को देय महंगाई भत्ता की राशि भुगतान प्राप्त करने के लिए हमेशा लंबा इंतजार करना पड़ता है। शासन की इस उपेक्षा पूर्व रवैये के कारण नेंशनर आक्रोशित रहते है। इसी क्रम में पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद के पदाधिकारी/सदस्यगण महासमुंद कलेक्टर से मिलने कार्यालय पहुंचे। कलेक्टर की व्यस्तता के कारण पेंशनरों ने प्रांतीय उपाध्याक्ष शिवकुमार साहू, तहसील अध्यक्ष रामकुमार साहू के नेतृत्व में सृष्टि चंद्राकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी भावनाओं से अवगत कराते हुए देय तिथि से कुल 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग की। इस दौरान प्रमुख रूप से संगठन मंत्री-चमनलाल साहू, सहसचिव-राधेश्याम दुबे, कार्यकारिणी सदस्य-नेहरू साहू, विष्णु प्रसाद साहू, पुरूषोत्तम शर्मा, शिवनंदन भोसले, बोधन साहू, संतुराम, लच्छीराम, जगदीश ध्रुव, ज्ञानसिंह चंदेल आदि मौजूद रहे।

## रजत जयंती वर्ष पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

**महासमुंद।** रजत जयंती वर्ष पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. ज्योति गजभिए के मार्गदर्शन में माता कर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय मचेवा में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक डॉ. सर्वेश दुबे ने अपने व्याख्यान में आयुर्वेद के माध्यम से आहार-विहार, ऋतुचर्या, दिनचर्या, जठराग्नि, ओज, मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम के विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. दुबे ने आचार रसायन के महत्व तथा असम्यक निद्रा से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया। उन्होंने प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में आयुर्वेदिक सिद्धांतों को अपनाकर स्वस्थ, संतुलित एवं तनाव मुक्त जीवन जीने के उपाय बताए। संगोष्ठी में कुल 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 47 छात्राएं एवं 5 स्टाफ सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन लाइफस्टाइल क्लिनिक, शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद द्वारा किया गया।

### मौसम : बारिश, महंगाई और बीमारी ने एक साथ किया हमला

# धान में कीटों का कहर, किसानों की उम्मीदें फिर संकट में, मुआवजे की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

इलाके में किसानों के लिए इस बार धान की फसल को सुरक्षित बचा पाना चुनौती भरा काम हो गया है। पहले बारिश, महंगाई और अब कीट प्रकोप ने किसानों को आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया है। धान की फसल अब बीमारियों की भेंट चढ़ रही है।डीएपी की मार झेलने के बाद तेज हवा और वर्षा धान की फसलों को जमींदोज करने आतुर है वहीं मौसम की मार और बदली-बारिश से फसलों को काफी नुकसान होने लगा है। लिहाजा, दिवाली सीजन में भी बाजारों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। किसानों की चिंता ने ग्राहकी रोक दी है वहीं बाजार की रफ्तार को भी थाम दिया है। किसानों की चेहरे पर मायूसी और चिंता की लकीरें साफ दिखाई पड़ रही है।

गौरतलब है कि, हल्की और भारी दोनों ही प्रजातियों की धान बीमारी की चपेट में आने लगी है। धान की पत्तियां जहां पीली पड़नें, सूखने जैसे रोग से ग्रसित हो रही है। वहीं हल्की फसल पर भूरा माहों रोग का असर होने लगा है। फसलों में बीमारी होने से न केवल किसान परेशान हो रहे हैं। बल्कि उन्हें अब धान के नुकसान होने की चिंता भी सताने लगी है। लगातार मौसम में बदलाव होने से धान की फसलों को नुकसान होने लगा है।



### बारिश से फसलों को पहुंचा नुकसानः किसान

किसान विरेंद्र वर्मा ने बताया कि, पहले अतिवृष्टि और अब रुक-रुक हो रही बारिश फसलों को नुकसान पहुंचा रही है। मौजूदा समय में धान में बालियां निकल आई है और धान पककर तैयार हो रहे है, जिसमें माइट, भूरा माहों, तनाछेदक रोग का प्रकोप हो गया है। वहीं कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने के बाद भी कीट प्रकोप कम नहीं हो पा रहा है। किसानों ने कहा कि, लगातार बादल छाए रहने के कारण फसलों पर कीटों ने हमला बोल दिया है। ब्लास्ट, गलन, जैसे बीमारी के चलते पौधे मर रहे हैं। कीटनाशक दवाएं बेअसर साबित हो रही है। इसलिए इस बार फसल उत्पादन पर असर पड़ेगा। साथ ही धान की क्वालिटी भी प्रभावित होगीं।

### धान की फसल पर रोगों का प्रकोप, किसानों को नुकसान का डर



**लवन।** खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान इस बार मौसम की मार और रोगों के प्रकोप से जूझ रही है। बलौदाबाजार विकासखंड क्षेत्र में भूरा माहू, उकटा रोग, तना छेदक और गंधीबग जैसे रोगों के बढ़ते प्रभाव से किसानों में चिंता व्याप्त है। इन रोगों के कारण फसल सूखने लगी है, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। किसान लगातार कीटनाशक दवाओं का उपयोग कर फसल बचाने का प्रयास कर रहे हैं, फिर भी कई जगहों पर स्थिति गंभीर बनी हुई है। नगर निवासी किसान ईशानंद केसरिया ने बताया कि उन्होंने लगभग पौने तीन एकड़ में भूरा माहू से बचाव के लिए दवा का छिड़काव किया, लेकिन दवा डालने के बाद पूरी फसल पीली पड़ गई और बर्बाद हो गई। उन्होंने कृषि विभाग को आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि रोगों का समय पर उपचार न होने से फसल की उपज में भारी गिरावट संभव है। वहीं किसान प्रशासन से प्रभावित फसलों की उचित जांच कर नुकसान का मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। फसल पकने में अब लगभग पंद्रह दिन शेष हैं, लेकिन रोगों का प्रकोप जारी रहने से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

## सांसद खेल महोत्सव में ग्रामीण युवाओं ने दिखाई खेल प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ घोटिया

मिनी स्टेडियम छेरकापुर में सांसद खेल महोत्सव के तहत विकासखंड स्तरीय समूह एवं एकल एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि योगेश चंद्रकार, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपार खेल प्रतिभा मौजूद है, जिन्हें उचित मंच और अवसर मिलें तो वे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य इन्हीं प्रतिभाओं को पहचान और प्रोत्साहन देना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष सविता यादव ने की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का माध्यम है। वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा ने कहा कि यह महोत्सव ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रहा है। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, लंबी कूद, दौड़ सहित गिल्ली-डंडा और भौरा जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ग्रामीणों और विद्यार्थियों की भारी भीड़ से पूरा परिसर ऊर्जा और जोश से भर गया। आयोजन में जनपद सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भारत में बोर्ड परीक्षा प्रश्नपत्रों में एकरूपता लाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद



पूरे भारत देश में सभी बोर्ड की परीक्षा प्रश्नपत्रो में एकरूपता लाए जाने की सार्थक पहल के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण/सह कार्यशाला में स्वामी आत्मानंद स्कूल हथबंद की व्याख्याता अमी सोनी ने भाग लिया - भारत सरकार की मंशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पूरे भारत देश में सभी बोर्ड की परीक्षा प्रश्न पत्रों में एकरूपता लाए जाने की पहल की जा रही है ।

■ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

छत्तीसगढ़ में भी अध्यक्ष रेणु पिल्ले के संरक्षण एवं सचिव पुष्पा साहू के आदेशानुसार 8 एवं 9 अक्टूबर 2025 की दो दिवसीय प्रश्न पत्र निर्माण सेटर्स / मॉडरेटर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला मण्डल कार्यालय के सभा कक्ष में 9 से 12वीं तक की कक्षाओं में प्रश्न पत्र निर्माण में गुणवत्ता लाने हेतु कौशल विकास एवं उन्मुखीकरण राज्य स्त्रोत दल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्त्रोत दल में उपसचिव डॉ बी. रघु, सहायक प्राध्यापक डाक्टर प्रदीप साहू, मनीषी सिंट, शिवा सोमवंशी, अलक जैन, डॉ राजेश चन्दानी, अब्दुल हक डॉ. माधुरी बोरकर, मितांजली मोहंती ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

प्रश्न पत्र का निर्माण, प्रस्तुतीकरण, प्रश्न पत्र मॉडरेशन, सिद्धांत व सावधानियाँ प्रश्नपत्र का आदर्श उत्तर एवं अंकन योजना निमार्ण आदि से संबंधित जिज्ञासा का समाधान किया गया।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष चयन को लेकर भाटापारा में मंथन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत आज दोपहर नागपुर विधायक एवं बलौदाबाजार भाटापारा जिला पर्यवेक्षक नितिन राऊत भाटापारा विश्राम गृह पहुंचे उनके साथ पूर्व मंत्री मो.अकबर ,गुरमुख सिंह होरा,कोको पाढी भी साथ थे वहीं बंद कमरे मे सभी कार्यकर्ताओं से रायशुमारी ली गई कि अगला अध्यक्ष कौन होगा वहीं जिले मे जिलाध्यक्ष को लेकर जोरदार लाबिंग की जा रही है ,वही पर्यवेक्षक ने कहा कि यह जिला कांग्रेस संगठन के लिए काफी महत्वपूर्ण है वही सक्रियता से कांग्रेस को काफी लाभ भी मिलेगा ,जिलाध्यक्ष के लिए एक दर्जन से उपर नाम सामने आये है पर्यवेक्षक का कहना है कि सभी पर चर्चा के बाद नामो को दिल्ली भेजा जायेगा अंतिम फैसला वहीं होगा कि जिलाध्यक्ष कौन होगा।

### एवीबीपी ने मुड़पार में चलाया स्वच्छता अभियान

# स्वच्छ गांव-स्वस्थ गांव का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् इकाई कसडोल के द्वारा ग्राम पंचायत मुड़पार (म) में एक दिन का स्वच्छता अभियान एस एफ डी (स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट) विकासार्थ विद्यार्थी द्वारा चलाया गया। जिसमें प्रमुख रूप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड कसडोल के प्रचार प्रमुख नरेंद्र डड़सेना बलौदाबाजार जिले की जिला संयोजक फाल्गुनी सोनी एवं प्रदेश कार्यकारणी सदस्य मलय कुमार साहू उपस्थित रहे सभी कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम पंचायत के तालाब किनारे एवं सड़क मार्गों में प्रमुख रूप से सफाई की गई जिनमें से बहुत सारी मात्रा में अनावश्यक रूप से हानिकारक प्लास्टिक पैकेट रहित सामग्री बहुत से कचड़ो को साफ किया गया एवं गांव के नागरिकों से चर्चा करते हुए गांव की साफ सफाई को महत्व देते हुए सभी से आग्रह किया कि अपने गांव को स्वच्छ रखे साफ रखे। कसडोल की नगर मंत्री याचना पटेल द्वारा सभी नागरिकों को धन्यवाद एवं सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया। अभियान में कसडोल कार्यकारिणी के नगर सह मंत्री केशव चेलक, तनीषा पैकरा, साहिना मिर्ज़ा, तुनीशा मधुकर नगर एस एफ एस प्रमुख तानिया पठारे,नगर एस एफ एस सह प्रमुख धनेश्वरी, नगर एस एफ डी प्रमुख खुशबू, नगर सोशल मीडिया प्रमुख गौतम साहू, नगर महाविद्यालय प्रमुख पूनम रात्रे, नगर महाविद्यालय सह प्रमुख ममता पटेल एवं अन्य कार्यकारणी सदस्य तथा ग्रामवासी के रामकुमार पैकरा, हरपाल पैकरा, रूपेश कैवर्त्य, संजय पैकरा, नीलेश चौहान, मुकेश कैवर्त्य, नितेश कैवर्त्य, प्रेमलाल, विजय, सुनील, हरबिंश पैकरा तथा महिला स्व सहायता समूह के सक्रिय सदस्य सरोज कैवर्त्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुमारी जानकी कैवर्त्य, पूर्णिमा डडसेना, घसनीन कैवर्त्य, गीता ध्रुव, दरस बाई कैवर्त्य, करमौतिन पैकरा, सहोद्रा बाई डडसेना, दुलारी बाई पैकरा, सुनीता बाई, राखी महल बाई, फिरतीन बाई, गंगा बाई, गनिशिया बाई, नंन्दकुँवर, पर्वती, शिवकुमारी हिरा बाई, सुशीला बाई, शुक्रवारा बाई प्रमुख रूप से उपस्थित थे।




HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### खुशबू साहू ने अखिल भारतीय खेल में हासिल किया प्रथम स्थान

**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर कोसरंगी के कक्षा षष्ठ के छात्रा बहन खुशबू साहू के जीत का सिलसिला अनवरत जारी है, स्थानीय विद्यालय में चयन होने के पश्चात संकुल स्तरीय खेल भैंसा में हुआ जहां प्रथम स्थान प्राप्त किया, उसके बाद जिला स्तरीय खेल खोरपां में हुवा वहां भी चयन होने के पश्चात प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता बिलासपुर के कोनी में हुआ। वहा से जीत हासिल कर छेत्र के लिए मध्यप्रदेश के देवास में विजय श्री हासिल अखिल भारतीय खेल के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनके जीत के लिए इनके माता पिता, विद्यालय परिवार संचालक समिति के सदस्यों ने इनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है, जिन्होंने विद्यालय के साथ साथ छेत्र का नाम रोशन किया है। जिन्होंने ग्राम भारती द्वारा आयोजित संस्कृति महोत्सव में अपना परचम लहराया।

### छात्राओं ने जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण में लिया भाग

महासमुंद। शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की रेडक्रास प्रभारी व्याख्याता नोबल ध्रुव के मार्गदर्शन में शाला की आठ छात्राओं का दल सिरपुर में आयोजित जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर में भाग लिए। शिविर में छात्राओं ने बौद्धिक परिचर्चा, प्रथमोपचार प्रशिक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि सभी गतिविधियों में उत्साह पूर्वक भाग लिए जिसमें रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में उन्हें द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

# बछेरा में आदिवासी भवन लाकार्पित व महतारी सदन के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत बछेरा में आदिवासी भवन का लोकार्पण एवं महतारी सदन का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि वे सदैव जनता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि जनता विकास के लिए उनसे अपेक्षा रखती है, परंतु मतदान के समय समर्थन नहीं देती। श्री शर्मा ने बताया कि 2013 में बछेरा से उन्हें सर्वाधिक मत मिले थे जबकि 2018 में हार का सामना करना पड़ा और 2023 में बराबरी की स्थिति रही। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक से जनता को पूछना चाहिए कि 20 महीनों में गांव में कौन से विकास कार्य हुए हैं। श्री शर्मा ने आश्वासन दिया कि महतारी सदन के लोकार्पण के समय सरपंच द्वारा मांगे गए एक करोड़ रुपए के विकास कार्यों को पूरा कराया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे किसान नेता अनिल पांडे ने कहा कि जनता ही सत्ता की असली मालिक होती है। उन्होंने कहा कि यदि भाटापारा में भाजपा विधायक होता तो क्षेत्र में विकास की गंगा बहती। उन्होंने भाजपा की उपलब्धियों जैसे बोनस भुगतान, रु 3100 प्रति क्विंटल धान खरीदी, राम मंदिर निर्माण और धारा 370 हटाने का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी अपने वादों को पूरा करती है।

**आदिवासी भवन और महतारी सदन के लोकार्पण अवसर पर ग्रामीणों और अधिकारियों की उपस्थिति**



### नशे से दूर रहने की अपील की

पांडे ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की और अभिभावकों से बच्चों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने आगामी चुनाव में भाजपा को समर्थन देने की अपील की। कार्यक्रम को भाजपा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जिला के उपाध्यक्ष सुनील यादव, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा के सरपंच कमलेश साहू ने भी संबोधित किया। उक्त अवसर पर सरपंच विजय साहू, उपसरपंच प्रमोद यादव, डॉक्टर धन्नू साहू, दयाराम साहू, दशरथ निषाद, धनुष वासुदेव, अनूप तिवारी, पीतांबर सोनकर, नीलकंठ यादव एवं आदिवासी समाज के अध्यक्ष प्रमुख गण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हुआ सीजी आइडियाथॉन का आयोजन

# स्कूल में नवाचार प्रतियोगिता, छात्रों के आईडियाज को मिली सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जत जयंती के अवसर पर जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों में नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गुरुवार को एमडीव्ही स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में "सीजी आइडियाथॉन 2025" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किये गए नवाचार मॉडल का अवलोकन किया और उनकी सृजनात्मकता को प्रोत्साहित किया।



इस अवसर पर कलेक्टर सोनी ने कहा कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य नवाचार के माध्यम से बेहतर सोच के साथ अपने आस - पास के चीजों से इस तरह के व्ययवसाय शुरू कराना या तकनीक विकसित करना जो लाभकारी हो और लोगों का जीवन को आसान व बेहतर बनाए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति में प्रतिभा होती है। उस प्रतिभा का सकारात्मक व सृजनात्मक रुप देकर लोगों के जीवन को आसान बनाने के उपाय बना सकते हैं। उन्होंने कहा की किसी के पास कोई आईडिया हो तो उसे आगे लाने अपने मेंटर को बताएं, अपने क्रिएटिविटी को आगे बढ़ाएं और अपने प्रतिभा को निखरे। उन्होने कहा कि इस आयोजन से राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए चयनित होने वाले विद्यार्थियों का जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जाएगा।

कार्यक्रम में एन आई टी रायपुर की सहायक प्राध्यापक सरवनी पुर्खयास्था, सीईओ एनआईटी रायपुर मेधा सिंह इक्यूबेशन मैनेजर सुनील देवांगन ने "सीजी आइडियाथॉन 2025" के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी एवं विद्यार्थियों के जिज्ञासाओ एवं प्रश्नों का समाधान किये।

बताया गया की सीजी आइडियाथॉन 2025 के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न संस्थानों एवं जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, जिनके माध्यम से युवा नवप्रवर्तकों एवं स्टार्टअप्स के संभावनाशील विचारों की पहचान एवं संवर्धन किया जा रहा है। चयनित प्रतिभागियों को अपने नवाचारों का प्रदर्शन राज्योत्सव डेमो डे – पिचिंग इवेंट (नवंबर 2025 के प्रथम सप्ताह) में करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसमें 51,000 रुपये तक की नकद पुरस्कार राशि दिया जाएगा। इस अवसर पर जीएमडीआईसी गुनेश्वरी साहू, प्राचार्य रितु शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# आरू साहू स्टार नाइट ने क्षेत्र में मचाया धमाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नवयुवक समिति घिरघोल के तत्वावधान में आयोजित आरू साहू स्टार नाईट कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र में धमाल मचा दिया। दीपों की रोशनी और झिलमिल मंच साज-सज्जा के बीच स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि "बलौदाबाजार जिले में इस तरह का पहला कार्यक्रम आरू साहू का है, जिसने अपनी प्रस्तुति से पूरे क्षेत्र को मंत्रमुग्ध कर दिया है।" विधायक साहू ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज की संस्कृति, कला और परंपरा को जीवित रखते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति की प्रशंसा की।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र (मोनू) साहू ने कहा कि नवयुवक समिति घिरघोल लगातार युवाओं को मंच प्रदान कर रही है, जो समाज के विकास में प्रेरणादायी कदम है।

वहीं पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष साहू संघ, धन्नू साहू ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आरु साहू ने अपनी शानदार प्रस्तुति से बलौदाबाजार की धरती पर नई पहचान बनाई है। कार्यक्रम में सरपंच विष्णु दास वैष्णव, तहसील अध्यक्ष जगदीश साहू, रामनाथ साहू, हेमकुमार साहू, हेमंत साहू, केशव साहू, विजय साहू, नीलकमल साहू, सुरेश साहू, मोहन साहू, रोमनाथ साहू, पदुम साहू, भूषण साहू, यश पांडेय सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# बंगोली में कुर्मी समाज की प्रकरण निदान बैठक सम्पन्न



**खरोरा/बंगोली।** ग्राम बंगोली में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज की प्रकरण निदान बैठक केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप एवं राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेशभर से 9 राजप्रधान एवं सैकड़ों स्वजातियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ ईष्ट देव श्रीरामचंद्र जी की पूजा-अर्चना व समाज गौरव गान के साथ किया गया।

बैठक में पंजीकृत 19 पारिवारिक प्रकरणों में से अधिकांश मामलों का निराकरण केंद्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा ने विवाहोपरांत उत्पन्न विवादों पर चिंता जताते हुए कहा, "जब हम स्वयं में कौशिल्या बनने का प्रयास करेंगे, तभी जानकी जैसी बहू मिलेगी।" उन्होंने परस्पर प्रेम, सहनशीलता और सम्मान को सफल वैवाहिक जीवन का आधार बताया।

कार्यक्रम में युवाध्यक्ष दीपक वर्मा ने रक्तदान एवं पौधारोपण जैसे सामाजिक कार्यों में युवाओं की भागीदारी पर बल दिया। इस अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन भी हुआ, जिसमें अनेक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। समारोह में समाज के वरिष्ठ नागरिकों, दानदाताओं एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में समाज जनों की उपस्थिति रही।

# अमर शहीद जवानों के लिए पटवारी संघ ने दिया 25 हजार का योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



राजस्व पटवारी संघ जिला बलौदाबाजार ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस जो प्रतिवर्ष 7 दिसंबर को मनाया जाता है, उसके लिए राजस्व पटवारी संघ ने 25 हजार रुपए का योगदान दिया। केंद्रीय सैनिक बोर्ड की ओर से वर्ष 1949 से प्रतिवर्ष 7 दिसंबर को सेना के अमर शहीद जवान जिन्होंने जल सेना थल सेना, एवं वायु सेना में देश के लिए लड़ते हुए अपनी शहादत दी है उनके परिवारजनों के सहयोग एवं पुनर्वास के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इसमें सैनिक कल्याण बोर्ड के द्वारा प्रतिवर्ष टिकट जारी किया जाता है, जिसका शासकीय कार्यालयों के माध्यम से विक्रय किया जाता है एवं उक्त विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग सेना के जवानों के परिवारजनों के लिए किया जाता है। इस वर्ष उक्त कार्य के लिए जिला कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर राजस्व पटवारी संघ जिला बलौदाबाजार ने जिले के सभी पटवारियों के सहयोग से उक्त पुनित कार्य के लिए 25 हजार रुपए की राशि सहयोग के रूप में जिला कार्यालय में सहायक अधीक्षक भू अभिलेख सुरेश देवांगन को प्रदान किया।

जिलाध्यक्ष रसपाल सिंह सेन ने कहा कि वीर शहीद जवानों का ऋण कभी नहीं चुका सकते है किंतु थोड़ा सा भी सहयोग उनके परिवारजनों का कर सके ये बहुत बड़ी बात है। सहयोग राशि प्रदान करते समय राजस्व पटवारी संघ के रायपुर संभाग अध्यक्ष भावेश वर्मा, जिलाध्यक्ष रसपाल सिंह सेन, जिला सचिव तरुण वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष कुलदीप सिंह ध्रुव एवं पलारी तहसील अध्यक्ष दीनबंधु, दीनानाथ बघेल उपस्थित थे।

# एनएसएस और इको क्लब ने स्वच्छता के प्रति युवाओं में बढ़ाई जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

शासकीय उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद स्कूल हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब के द्वारा दीपावली त्यौहार के पूर्व संस्था के प्रभारी प्राचार्य सी के नायक के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाकर शाला परिसर की रंगाई पुताई की गई। इस अवसर पर परिसर में रोपित पौधे को पानी दिया गया एवं क्यारी की सफाई की गई। त्रिवेदी ने स्वयं सेवकों की बैठक आहूत कर स्वच्छता का महत्व बताया एवं इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। दल नायिका मीनाक्षी कोसले ने स्वयंसेवकों को अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उप दल नायिका सीमा पाल ने शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा को भी अपनाने की अपील की। माई भारत पोर्टल के संयोजक खुशबू पाल ने, हमने यह ठाना है देश को स्वच्छ बनाना है, देश के दुश्मन तीन, पन्नी, पाउच पॉलीथिन, का जोशीला नारा लगाते हुए स्वयं सेवकों को पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रेरित किया। अनुशासन प्रभारी मुस्कान चतुरे द्वारा लोगों को स्वच्छता अभियान को जारी रखने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में लक्ष्मी साहू, आइसा खान, सेजल मनहरे, ओमिन बंजारे, दामिनी निषाद, नीलम डहरिया, मानव निषाद, सहित साठ स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

- युवाओं ने स्वच्छता के महत्व को समझा, दैनिक जीवन में अपनाने का लिया संकल्प




## पेज 3 के शेष

### कलेक्टर जनदर्शन में...

में परेशानी होगी। ग्राम गिधपुरी में हाई स्कूल है जहाँ आसपास के ग्राम तेलासी, हरिनभठा, बिजराडीह, जुनवानी, देवगांव, मोहगांव, तमोरी से विद्यार्थी पढ़ाई के लिए आते विद्यार्थियों को आने जाने में परेशानी होगी। इस अवसर पर डिगेशवरी साहू, नितेश्वरी साहू, शारदा साहू, सावित्री साहू, पुन्नी बाई, मिथलेश साहू, मधु साहू, कामनी साहू, उपसरपंच संतन गिरी गोस्वामी, पंच योगेश कुमार साहू, चन्द्रकला साहू, मेहतरीन कवर, सुशील, भीमलाल साहू, ग्राम सचिव नंदलाल वर्मा, दीपक साहू, हीरालाल साहू, तुकेश्वर साहू, कमलनारायण साहू, मलर साहू, इन्दल साहू, ललिता वर्मा, जितरानी साहू, मिथलेश साहू, राधा बाई साहू, बड़ी संख्या में आसपास सहित ग्रामीण महिलाएं पुरूष उपस्थित रहे है।

### मादक पदार्थ अफीम...

एवं डोडा का बाजार मूल्य कुल रु 9,000 है। साथ ही प्रकरण में आरोपी से बिक्री रकम रु 27,000 जप्त किया गया है। इस प्रकार कुल रु 36,000 कीमत मूल्य का सामान जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 15,17,18 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

### पी एम केयर...

योजना से लाभान्वित हो रहे हैं । प्रधानमंत्री केयर फॉर चिल्ड्रन योजना का उद्देश्य इन बच्चों को आत्मनिर्भर, शिक्षित और सशक्त बनाना है। विभाग द्वारा समय-समय पर बच्चों की प्रगति की निरंतर निगरानी की जा रही है तथा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी आदित्य शर्मा एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास भी उपस्थित रहे।

### आबकारी विभाग की...

कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू, पी.माधव राव, आबकारी मुख्य आरक्षक राधागिरी गोस्वामी, नगर सैनिक राजकुमारी पैकरा, दुर्गेश्वरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सांसद खेल महोत्सव...

योगेश गेंन्द्रे और युधिष्ठिर साहू ने न्यायपूर्ण निर्णय लेकर खेलों की निष्पक्षता सुनिश्चित की। पंजीयन का कार्य चित्रलेखा देवांगन, शैल ध्रुव, बिन्देश्वरी ठाकुर, तोरण लाल ध्रुव और गोपीनाथ यदु द्वारा सफलतापूर्वक पूरा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में करारोपण अधिकारी मदन लाल वर्मा एवं दीनदयाल कन्नौजे सहित समस्त सचिवगण का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष नंदेश्वर साहू ने कहा कि यह महोत्सव केवल खेल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और एकता का उत्सव है। युवाओं को खेलों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। लोकेश्वर चंद्र कन्नौजे और हेमंत साहू ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन से युवाओं में उत्साह आएगा और खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा. और युवा राष्ट्र निर्माण की ओर अग्रसर होंगे । पिताम्बर साहू, उपाध्यक्ष नगर पंचायत ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन आने वाले समय में और भी व्यापक रूप में होगा। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पूरा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सांसद खेल महोत्सव न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच बना, बल्कि पारंपरिक खेलों को सम्मान देने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल साबित हुआ।

# यू-डाइस संशोधन के लिए शिविर आयोजित



**खरोरा।** भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में विद्यार्थियों के अपार आईडी निर्माण हेतु यू-डाइस पोर्टल में आवश्यक संशोधन कार्य के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। संकुल समन्वयक देवेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि जिला शिक्षा कार्यालय रायपुर के निर्देशानुसार विकासखंड तिल्दा में अपार आईडी निर्माण की प्रक्रिया को तीन दिवस के भीतर पूर्ण करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों की यू-डाइस संबंधी त्रुटियों के निराकरण एवं आवश्यक संशोधन के लिए यह दो दिवसीय शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों की यूआईडी, नाम, जन्मतिथि, वर्ग एवं अन्य शैक्षणिक अभिलेखों में आवश्यक संशोधन का कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। इस कार्य में संकुल समन्वयक लखेश्वर वर्मा, कैलाश कुमार बघेल, संजय वर्मा एवं वीर कुमार वर्मा का सक्रिय सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों की सभी शैक्षणिक जानकारियों को सटीक एवं अद्यतन रूप में दर्ज कर अपार आईडी निर्माण की प्रक्रिया को सुगम एवं त्रुटिरहित बनाना है। संपूर्ण कार्य विकासखंड शिक्षा अधिकारी तिल्दा के निर्देशन में सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है। उक्त जानकारी शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छड़यि के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा प्रदान की गई।

# वटगन कॉलेज में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में समाज कल्याण विभाग द्वारा शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन में नई दिशा अभियान के तहत नशे से मुक्ति हेतु जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे से होने वाली परेशानियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया एवं नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। जिला प्रशासन द्वारा जिला चिकित्सालय से नशे के दुष्परिणाम की जानकारी एवं मनोविकास हेतु परामर्श, हम होंगे कामयाब के तहत रोजगार हेतु पोर्टल में क्यु.आर. स्कैन में पंजीयन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्पीड़न, लैंगीग अपराध के संबंध में जानकारी दी गई।




धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
भारत सरकार द्वारा
मान्यता प्राप्त हॉलमार्क ज्वेलरी
100% वापसी
GOLD
हमारे यहां नई डिजाईन के गहने लाइटवेट में, टर्किस नेकलेश टेम्बल ज्वेलरी (रानी हार, चोकर), गिफ्ट हेतु पोला सेट चांदी के फैंसी पायल, बिछिया, पूजा बर्तन, फैंसी कड़ा ब्रेसलेट और भी एन्टिक आईटम
सोने एवं चांदी के गहनों की खरीदी पर किसी भी प्रकार के ऑफर से बचें, जहां ऑफर वहा धोखा
शानदार डिजाईन...
नया कलेक्शन...
अवश्य पधारें...
कैलाश सोनी
पिछले 35 वर्षों से कायम हमारे विश्वास की परम्परा...
कैलाश ज्वेलर्स
श्रेयांश सोनी
सदर रोड, बलौदाबाजार मो.:99266 44577


हर खुशी
हर त्यौहार
महाराज दुकान
सोना चॉदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
गांधी चौक, बलौदा बाजार (छ.ग.) Mob. 9826768908
सबसे सस्ता-सबसे अच्छा
सम्पूर्ण कलेक्शन एक ही छत के नीचे
महाराज कपड़ा बाजार
मेन रोड, जिला सहकारी बैंक के सामने, कृष्णा टॉवर, पहला मंजिल, बलौदा बाजार (छ.ग.)
Mob. 6265796357, 9165082818




सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
10 अक्टूबर 2025 SHOW TIME
कांतारा-2
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
सायरा खान केस
शो समय - 3:00 PM, 9:00 PM
कंट्रोल
शो समय - 6:00 PM
जय सीतला मईया (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### रेडक्रास शिविर में रोहिना स्कूल के छात्रों ने लिया भाग

**सरायपाली (ग्रामीण)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला इकाई महासमुंद द्वारा सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय रेडक्रॉस शिविर में शासकीय हाई स्कूल रोहिना के छात्र अजय राणा, अनिल ओगरे, संदीप सेठ, सुमित यादव ने संस्था प्रमुख अजय कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन एवं रेडक्रॉस काउंसलर क्रांति कुमार साहू के नेतृत्व में भाग लिया। उन्होंने न सिर्फ प्रशिक्षण का लाभ लिया बल्कि प्राचीन नगरी सिरपुर का भ्रमण कर ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन भी किया। वापसी के बाद उन्होंने छात्रों एवं शिक्षकों से अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला तथा पहली बार लक्ष्मण मंदिर, गंधेश्वर मंदिर आदि को देखने का अवसर मिला। इस प्रशिक्षण में जिले भर के करीब सात सौ प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

### आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना से स्वस्थ हो रहा महासमुंद जिला


**महासमुंद।** रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर महासमुंद जिला जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल हो रहा है। शासन की मंशानुरूप आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का लक्ष्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को गुणवत्तापूर्ण, कैशलेस और सुलभ स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है। कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में 257 जन आरोग्य मंदिरों के माध्यम से जन-जागरुकता और सेवा विस्तार का कार्य निरंतर जारी है। इन केंद्रों पर नागरिकों को योजना की जानकारी, पात्रता जांच, दस्तावेज सत्यापन और आयुष्मान कार्ड निर्माण की सुविधा एक ही स्थान पर प्रदान की जा रही है। अब तक जिले में 10 लाख 16 हजार 800 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 88.4 प्रतिशत है। इनमें ग्रामीण क्षेत्र के 9 लाख 9 हजार 955 और शहरी क्षेत्र के 1 लाख 6 हजार 845 लाभार्थी शामिल हैं। विकासखंड स्तर पर पिथौरा, बागबाहरा, बसना, सरायपाली और महासमुंद सभी क्षेत्रों में विशेष शिविरों एवं घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से कार्ड निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए जिले में 27 हजार 816 आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाए गए हैं। जिनमें से अधिकांश लाभार्थी ग्रामीण अंचलों से हैं। यह कार्ड 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपए तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान कार्डधारी परिवार सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में बिना किसी अग्रिम भुगतान के कैशलेस इलाज प्राप्त कर सकते हैं।




**पर्व :** दीप पर्व की आहट से खिल उठा उत्साह, गांव-शहर में उमड़ी रौनक

# दीपावली पर्व की तैयारियों से गुलजार हुए बाजार और घर-आंगन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी



दीपावली का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाने की तैयारियां सभी गांव शहर में हो रही है। घर-घर में तेज हुई दीप पर्व की तैयारी बाजार ही नहीं, हर घर-आंगन में से दीप पर्व के आगमन की दस्तक हो गई है। इसके साथ ही दीपावली की खरीदी की तैयारियां भी तेज हो गई है। साफ-सफाई व रंगाई-पुताई कर काम अंतिम दौर मे पहुंच गया है। घर की सजावट शुरु हो गई है। घर सज धजकर तैयार है, बाजार का काम निपट जाए तो फिर शुरू होगी पकवान बनने की तैयारी। गृहिणियां अभी एक साथ दो-दो मोर्चों पर काम कर रही है। घर की साफ-सफाई व दीपावली की खरीदी, बावजूद उनका उत्साह देखते ही बन रहा है। बाल गोपालों के बीच अभी से सुवा की थाप चहकने लगी है।

■ उजियारे के त्योहार का बाजारों मे छाया उल्लास

चन दिनों के बाद पांच दिवसीय पर्व के शुभारंभ है, जो हर बरस की तुलना में इस वर्ष जल्दी आ गया है, इसके चलते लोग घरों की साफ-सफाई के साथ घर को सजाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। बाजारों में भी दीपावली के सामान के साथ घर सजाने के सामान की दुकानें बहुतायत में सज गई है। लोग अपनी-अपनी पसंद का सामान खरीदने के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। इससे बाजार में खरीदी करने वालों की भीड़ उमड़ने लगी है। दीपावली के त्योहार पर बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक अपनी पसंद की खरीदी करने पहुंच रहे हैं। इससे नए आधुनिक मनोरंजन आतिशबाजी फटाके, दीपक, मोमबत्ती, कपड़े, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सहित विविध सामानों की दुकानें सज गई हैं। इससे बाजारों में दीपावली की रौनक छा गई है।

### दीपावली पर्व पर सुआ नृत्य की धूम



**बंगोली।** ग्राम बंगोली मे दीपावली पर्व के चलते ग्राम के सुआ नृत्य नाच हेतु माताओं द्वारा सुआ बनाकर हर घर सुआ नृत्य कर रहे हैं, बदले में अन्नदान, तेल दान व पारितोषिक देकर बिदाई किया गया। सुआ नृत्य की सालिनी, भोमेश्वरी निषाद, हेमबती निर्मलकर, कोदईया यादव, चंद्रिका निर्मलकर, मीना साहू, शॉति, लोमन, कुंती निर्मलकर, जनिया निषाद व रामप्यारी धीवर सुआ नृत्य दल के सदस्य हैं ।

### मिट्टी के दीये की लौ मंद, कुम्हारों के रोजगार पर आधुनिकता की मार



**खरोरा।** दीपावली नजदीक आते ही कुम्हारों के चाक फिर से घूमने लगे हैं। मिट्टी के दीए, कलश और लक्ष्मी जी की मूर्तियां बनाने का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। हालांकि आधुनिकता की चकाचौंध में मिट्टी के दीयों की चमक अब फीकी पड़ती जा रही है। प्लास्टिक, गोबर और इलेक्ट्रॉनिक दीयों के बढ़ते प्रचलन से परंपरागत कुम्हारों के रोजगार पर संकट मंडरा रहा है। कुम्हारों का कहना है कि पहले जहां मिट्टी आसानी से मिल जाती थी, अब उसे दो से ढाई हजार रुपये प्रति ट्रॉली खरीदना पड़ता है। लागत बढ़ने से दीयों की कीमतें भी बढ़ गई हैं छोटा दिया 100 रुपये, बड़ा 500 रुपये प्रति सैकड़ा, जबकि रंगीन व चौमुखी दीए 15 से 40 रुपये प्रति पीस तक बिक रहे हैं। कभी हर घर को मिट्टी के दीयों से जगमगाने वाले कुम्हार अब ग्राहकों के इंतजार में हैं। उनका कहना है कि अब लोग मिट्टी के दीयों का उपयोग सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित कर चुके हैं। आधुनिक बल्ब और रेडिमेड लाइटों ने उनकी कला की रोशनी मंद कर दी है। कुम्हार समाज का मानना है कि यदि परंपरागत कला को बचाना है, तो समाज को फिर से मिट्टी के दीयों और बर्तनों के उपयोग की ओर लौटना होगा तभी कुम्हारों के घरों में भी दीपावली की सच्ची रोशनी लौटेगी।

### नगर में सुवा नृत्य की धूम, घर घर पहुंच रही है बालिकाओं की टोली



**पलारी।** दीपावली पर्व पर अंचल में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व सांस्कृतिक सुवा गीत नृत्य की धूम मची है। सप्ताहभर सुवा नर्तक दल नृत्य और मनमोहक गीत से आशीष देने पहुच रहे है। इन दिनों छोटे बच्चों से लेकर बड़े लोगो की सुवा नर्तक टोली गांव और नगर में लोगो के घर आंगन दुकानों में नृत्य कर आशीष देती नजर आ रही है। सुवा नृत्य छत्तीसगढ़ की परंपराओं में से एक महत्वपूर्ण नृत्य है। पर्व पर विशेष को लेकर छोटी छोटी बालिकाएं साड़ी पहनकर सुवा नृत्य करने पहुंच रही है। वही नगर पंचायत पलारी सहित अंचल के आसपास गांवो में सुआ नृत्य की टोली बैंड बाजा, पेटी तबला के साथ पहुंच रही है। नृत्य देखने के लिए बच्चों की भीड़ एकत्रित होती है। सुवा नृत्य के लिए बालिकाओ के अलावा महिलाओं की समूह भी हिस्से ले रही है। गीत गाकर और ताली बजाकर नृत्य करती है। गांवो में यह प्रथा अब भी कायम है। सुआ नर्तक दल को लोग अपनी अनुसार रुपया, अनाज उपहार देते है। इसके बाद वे टोली उन्हें गीतों के माध्यम से आशीष देती है।

## संगठन सृजन प्रभारी डॉ नितिन रावत से मिले सोनाखान के कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी/ सेल

संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक डॉ नितिन रावत एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक मोहम्मद अकबर, कोको पाढ़ी, गुरुमुख सिंह होरा से, सोनाखान वनांचल वासी, कांग्रेस कार्यालय कसडोल में मुलाकात कर अपनी अपनी बात को रखे। इस संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम में मुख्य तौर पर वनांचल से युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, जान मोहम्मद खान, गोपलाल पटेल, नल कुमार पटेल, हेमंत दुबे, धनी राम नाग, इतवारी साहू, तुलेश्वर वर्मा, धरम सिंह रात्रे, गजेंद्र पटेल, हेमलाल पटेल, मुरलीधर मिश्रा, मोती साहू, सतीश साहू, पी के धृतलहरे, घनश्याम बारले, महावीर गोंड, जवाहर पटेल, गिरीश पटेल, प्रमोद साहू, नंद कुमार डड़सेना, रामा डडसेना, रतन डडसेना, संतोष दीवान, दीपक बंदे, डेरहा राम, प्यारी लाल, संजीव ठाकुर, दिनेश ठाकुर, भूपेंद्र नायक, दिगेश यादव, जगत राम साहू, अनिल यादव, गोपी साहू, लोरिक यादव, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता, आमजन, माता बहन, वरिष्ठ जन शामिल होकर पर्यवेक्षक एवं प्रभारी से मिलकर अपनी अपनी बात रखे हैं।



## जिला शिक्षा अधिकारी से शिक्षकों ने की सौजन्य मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेल

जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे से शिक्षकों ने सौजन्य मुलाकात किए। कई मुद्दों पर चर्चा किया गया। सांसद खेल महोत्सव का कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे। शानदार रोमांचक मुकाबले हुए। सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम का जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे ने तारीफ करते हुए कहा कि बच्चों का खेल मुझे अच्छा लगा है। इस कार्यक्रम में जांजगीर चांपा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े शामिल हुए थे। जिला शिक्षा अधिकारी से शिक्षकों ने सौजन्य मुलाकात करने वाले विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार ध्रुव, प्रभारी प्राचार्य सीएम साहू सहित अन्य शिक्षिका सरपंच सर्वा संतोष कश्यप ने जिला शिक्षा अधिकारी से सौजन्य मुलाकात किए। खेल मैदान में आयोजित किया गया था। जहां पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे से शिक्षकों ने सौजन्य मुलाकात किए गए।

■ शिक्षा अधिकारी ने खेलों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को सराहा

## अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से ईसीसीई गतिविधि कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हथबंद



अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से एक दिवसीय ईसीसीई गतिविधि कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष के बच्चों के सर्वांगीण विकास शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं सामाजिक को खेल-खेल में सीखने की प्रक्रिया से जोड़ना था कार्यशाला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों को शिक्षा देने के नवीन और रचनात्मक तरीकों से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण के दौरान बच्चों के परिवेश से जुड़ी वस्तुओं जैसे फूल, पत्ते, कहानी, बाल गीत और खेल गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा देने की तकनीक सिखाई गई। इन विधियों से बच्चों में सीखने की रुचि और सहभागिता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया । इस अवसर पर परियोजना अधिकारी गेंदराम नारंग, सेक्टर पर्यवेक्षक लक्ष्मी नायक तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से गगन योगी, प्रिया राजा नंद वार्ड डेकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हथबंद सेक्टर की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं। कार्यशाला में प्रशिक्षकों ने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में खेल-आधारित शिक्षण बच्चों के समग्र विकास की मजबूत नींव रखता है। अंत में सभी प्रतिभागियों को फाउंडेशन की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया और बाल शिक्षा में नवाचार लाने का संकल्प लिया गया।

**अपनी संस्कृति, परंपराओं के प्रति समर्पित यादव समाज : साव**

# विधायक इन्द्र ने किया यादव समाज भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा



यादव समाज आज अपनी सांस्कृतिक विरासत और गौसेवा की भावना के साथ लगातार आगे बढ़ रहा है,यह समाज भगवान श्री कृष्ण के अनुयाई है। जिन्होंने पूरी दुनिया को जीवन जीने की कला सिखायी है,उक्त बाते विधायक इन्द्र साव ने ग्राम सेमरिया ब में बने नव निर्मित यादव समाज के सामुदायिक भवन निर्माण लोकार्पण के अवसर पर कही।

विधायक इन्द्र साव ने यादव समाज सहित सभी ग्राम वासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस भवन के निर्माण से ग्राम में अब किसी भी प्रकार के बैठक या सांस्कृतिक धार्मिक आयोजन को करने में सुविधा होगी। विधायक साव ने कहा यादव समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है।

यह समाज मेहनतकश, संस्कारवान और अपनी परंपराओं के प्रति समर्पित समाज है। यह कृषक समाज न केवल कृषि में योगदान देता आया है, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को भी सहेज कर रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते आ रहा है। उन्होंने समाज के आराध्य भगवान श्रीकृष्ण के जीवन आदर्शों धर्म, नीति, पराक्रम और प्रेम को आत्मसात करने की बात कहते हुए आगामी गोवर्धन पूजा की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व विधायक श्री साव का ग्राम सेमरिया पहुंचने पर सामाजिक जनों एवं ग्रामीणों ने बड़े ही उत्साह के साथ उनका परम्परागत रूप से स्वागत किया।

यादव समाज के इस लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच महेश्वरी यदु, उपसरपंच पूर्णिमा आनंद, सोनू आनंद,भुनेश्वर यदु,नितिन शुक्ला, हीरामणी यदु सावित्री बंजारे, मीना यदु, रामनारायण गेंडले, राजू सोनवानी, खेमराम यदु, शिवबती यदु, फागुराम यदु, चमेली जोशी, चैतराम यदु, शांति यदु, सावित्री यदु, दशोदा यदु, महिला कमांडो के सदस्य सहित सामाजिक जन के अलावा ग्राम वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

